प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

दिनांकः 17.11.2024 समय : 01:00 पी.एम.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नाइजीरिया के अबुजा में वहां के राष्ट्रपति से वार्ता करेंगे। दोनों नेता रणनीतिक साझेदारी की समीक्षा करेंगे और द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने के अन्य उपायों पर चर्चा करेंगे। वार्ता के बाद कई समझौतों पर हस्ताक्षर होने की आशा है। तीन देशों नाइजीरिया, ब्राजील और गयाना की यात्रा के पहले चरण में श्री मोदी कल रात नाइजीरिया पहुंचे। 17 वर्षों में भारत के किसी प्रधानमंत्री की नाइजीरिया की यह पहली यात्रा है। प्रधानमंत्री का नाइजीरिया में भारतीय समुदाय को संबोधित करने का भी कार्यक्रम है। गौरतलब है कि 2007 से रणनीतिक भागीदारी के साथ–साथ भारत और नाइजीरिया बढते आर्थिक, ऊर्जा और रक्षा सहयोग के क्षेत्र में स्थाई साझेदार रहे हैं। दो सौ से अधिक भारतीय कंपनियों ने नाइजीरिया में महत्वपूर्ण कार्यक्षेत्र में 27 बिलियन डॉलर से अधिक का निवेश किया है। नाइजीरियाई राष्ट्रपति पिछले साल जी–20 शिखर सम्मेलन के लिए भारत आये थे। नाइजीरिया, अफ्रीका के भीतर एक बहुत बड़ी अर्थव्यवस्था है जो अब ब्रिक्स का भागीदार देश भी बन गया है। नाइजीरिया में लगभग 60 हजार भारतीय प्रवासी हैं। श्री मोदी पांच दिन की यात्रा के दूसरे चरण में, कल ब्राजील जाएंगे, जहां वे जी20 शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। यात्रा के तीसरे और अंतिम चरण में प्रधानमंत्री 19 से 21 नवंबर तक गयाना की राजकीय यात्रा करेंगे।

000

रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन–डी आर डी ओ ने कल ओडिशा तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से भारत की पहली लंबी दूरी की हाइपरसोनिक मिसाइल का सफल उडान परीक्षण किया। इस हाइपरसोनिक मिसाइल को सशस्त्र बलों के लिए डेढ हजार किलोमीटर से अधिक दूरी तक विभिन्न पेलोड ले जाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने उड़ान–परीक्षण को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया है। उन्होंने सफल उड़ान परीक्षण के लिए डीआरडीओ, सशस्त्र बलों और रक्षा उद्योग को बधाई दी है।

इस बीच, एलन मस्क की कम्पनी स्पेस–एक्स 19 नवम्बर को अमरीका के केप कैनावेरल से भारत के संचार उपग्रह जीसैट–20 को लॉन्च करेगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन–इसरो के अध्यक्ष एस. सोमनाथ ने बताया कि स्पेस–एक्स का फाल्कन–9 इसरो का जीसैट–20 लॉन्च करेगा। 4 हजार 700 किलोग्राम का जीसैट–20 भारत के सबसे भारी संचार उपग्रहों में से एक है। ये देश में विभिन्न महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करेगा, जिसमें दूरदराज के क्षेत्रों के लिए इंटरनेट कनेक्टिविटी भी शामिल है।

000

जयपुर के राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में आयोजित संयोजनम् 2024 कार्यक्रम के आखिरी दिन आज उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी शामिल हुईं। कार्यक्रम में आयुर्वेद चिकित्सक, शिक्षक और विद्यार्थियों द्वारा चरक संहिता के श्लोकों का सामूहिक पाठ किया जा रहा है। समारोह में ढाई हजार से अधिक आयुर्वेद से जुड़ी हस्तियां और विद्यार्थी भाग ले रहे हैं।

000

राजस्थान लोक सेवा आयोग की ओर से स्कूल लेक्चरर प्रतियोगी परीक्षा 2024 आज से आयोजित की जा रही हैं। 52 पदों के लिए हो रही इस परीक्षा में करीब 1 लाख 13 हजार अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। 21 नवम्बर तक चलने वाली ये परीक्षा अजमेर सहित जयपुर, जोधपुर, कोटा और उदयपुर संभाग मुख्यालयों पर दो पारियों में हो रही है।

000

प्रदेश की भजनलाल सरकार के मौजूदा कार्यकाल का अगले महीने एक साल पूरा होने पर जिला प्रदर्शनी लगाई जाएंगी और जिला दर्शन पुस्तिका का प्रकाशन होगा। प्रदर्शनी में एक जिला–एक उत्पाद, एक जिला–एक खेल, एक जिला–एक प्रजाति, एक जिला–एक फल और एक जिला–एक स्थल जैसी गतिविधियों की भी शुरूआत की जाएगी।

000

प्रदेश में रह रहे दक्षिण भारत और केरल के लोगों ने प्रमुख पर्व मकर विलक्कू और सबरीमला की तर्ज पर मंत्रोच्चार के साथ दीपमाला सजाई और उत्सव मनाया। भगवान अयप्पा मंदिरों में आयोजित कार्यक्रमों में केरल की संस्कृति के दर्शन देखने को मिले।

000